Hindi | हिन्दी

संस्करण 1.0 फरवरी 2023

# विक्टोरिया के बाल सुरक्षा मानक (चाइल्ड सेफ स्टैंडर्ड्स)

## सादी भाषा की गाइड (संदर्शिका)

COMMISSION FOR CHILDREN
AND YOUNG PEOPLE

# बाल सुरक्षा मानक (चाइल्ड सेफ स्टैन्डर्ड्स) क्या हैं?

- बाल सुरक्षा मानकों (स्टैन्डर्ड्स - मानक) की शुरूआत जनवरी 2016 में विक्टोरिया में हुई।
- ये मानक बच्चों को दुर्व्यवहार और नुकसान से सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।
- 11 बाल सुरक्षित मानक बनाए हैं।
- बच्चों[1] के साथ काम करने वाले संगठनों को मानकों का अनु*पालन करना* होगा। *अनुपालन* करने का अर्थ है कि आपके संगठन के पास ऐसे प्रमाण होने आवश्यक हैं जो यह दिखाएँ कि आप[2] प्रत्येक मानक का अनुपालन करते हैं और उसे पूरा करते हैं।

*यह दस्तावेज़ बाल सुरक्षा मानकों का सारांश है। इसमें ऐसे शब्द और चित्र शामिल हैं जिन्हें मानकों को समझाने में मदद करने के लिए समझना आसान है। इसमें मानकों का पूरा विवरण या वे सभी बातें शामिल नहीं हैं जिन्हें आपको अनुपालन करने के लिए करना होगा। आप हमारी वेबसाइट पर मानकों का पूरा टेक्सट (लेख) और अनुपालन करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी पढ़ सकते हैं।*




1 "बच्चे/बच्चों" का अर्थ 18 वर्ष से कम आयु के लोगों से है।

2 जब हम "आपके संगठन" के बारे में बात कर रहे होते हैं तो हम "आप" शब्द का भी उपयोग करते हैं।

## बाल सुरक्षा मानक 1

**संगठन यह सुनिश्चित करते हैं कि एबोरिजनल (आदिवासी) बच्चे सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित महसूस करें। वे प्रत्येक बच्चे की पहचान और अनुभवों का सम्मान करते हैं और उसे महत्व देते हैं।**







यह ज़रूरी है कि आपका संगठन और आपके कर्मचारी:

- एबोरिजनल[3] लोगों, उनकी संस्कृति और उनके अधिकारों का स्वागत करें
- यह समझें कि इससे एबोरिजनल बच्चों को सुरक्षित और अच्छा महसूस करने में कैसे मदद मिलती है
- रेसिज़्म (नस्लवाद) को अस्वीकार करें और रेसिज़्म से निपटने के लिए उनके पास नियम और कार्यवाहियाँ हों
- एबोरिजनल बच्चों को उनकी विविध पहचान, रीति-रिवाजों, विश्वासों और भाषाओं को व्यक्त करने में सहायता करें
- एबोरिजनल बच्चों और उनके परिवारों को आपके संगठन में शामिल करने में मदद करें
- सुनिश्चित करें कि वे सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित महसूस करें
- उनके पास ऐसी नीतियां और प्रणालियां हों जो यह दर्शाती हों कि आपने ये काम किए हैं।

3 हम एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों के बारे में बात करने के लिए 'एबोरिजनल' शब्द का उपयोग करते हैं।

## बाल सुरक्षा मानक 2



संगठन के नेता बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। संगठनों के पास बाल दुर्व्यवहार या नुकसान के जोखिमों का पता लगाने, इनसे बचने और इन्हें रोकने की प्रक्रियाएं हैं।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- बाल सुरक्षा के लिए **सार्वजनिक तौर पर प्रतिबद्धता** करे। इसका अर्थ यह है कि आप समुदाय को बताते हैं कि आपके संगठन के लिए बाल सुरक्षा महत्वपूर्ण है
- उनके **पास बाल सुरक्षा और कल्याण की नीति** हो। यह एक ऐसा दस्तावेज है जो बताता है कि आपका संगठन बच्चों को कैसे सुरक्षित रखता है
- सुनिश्चित करे कि संगठन में हर कोई बाल सुरक्षा को बढ़ावा देता है
- उनके पास कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के लिए एक लिखित **आचार संहिता** है। यह एक ऐसा दस्तावेज होता है जो कर्मचारियों को बताता है कि बच्चों के आसपास कैसे व्यवहार करना है और क्या करना ठीक नहीं है
- इस का दस्तावेजीकरण करता है आप बच्चों को पेश आने वाले जोखिमों का पता कैसे लगाते हैं, उनसे कैसे बचते हैं, और इनकी रोकथाम कैसे करते हैं कैसे ढूंढते हैं
- सुनिश्चित करे कि कर्मचारी यह समझते हैं कि बाल सुरक्षा से जुड़ी जानकारी कैसे साझा करनी है और इससे जुड़े रिकॉर्ड कैसे बनाए रखने हैं।

## बाल सुरक्षा मानक 3




बच्चे अपने अधिकारों के बारे में जानते हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है, और वे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- बच्चों को उनके निम्नलिखित से जुड़े अधिकारों के बारे में बताए:
  - सुरक्षा
  - सूचना
  - अपने बारे में निर्णय लेने से जुड़े अधिकार
- दोस्ती के महत्व को समझे और इसे बढ़ावा दे। इससे बच्चों को सुरक्षित महसूस करने में मदद मिलती है
- बच्चों को यौन शोषण को रोकने के तरीके के बारे में कार्यक्रम और जानकारी प्रदान करता है
- सुनिश्चित करे कि कर्मचारी और स्वयंसेवक निम्नलिखित कर सकते हैं:
  - बच्चों में बाल शोषण और नुकसान के संकेतों की पहचान करना
  - बच्चों को खुलकर बात करने और उन चीजों के बारे में बात करने में मदद करना जो उन्हें चिंतित करती हैं
- बच्चों को अपने संगठन में शामिल करने में मदद करना
- बच्चे जो कुछ आपको बताते हैं, उस पर अमल करें ताकि वे सुरक्षित महसूस करें और आपके संगठन में शामिल रहना चाहें।

# बाल सुरक्षा मानक 4



**संगठन परिवारों और समुदायों को बताते हैं कि वे बच्चों को शोषण और नुकसान से कैसे सुरक्षित रखते हैं। वे उन्हें बच्चों को शोषण और नुकसान से सुरक्षित रखने में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।**

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- परिवारों को उन निर्णयों में भाग लेने में मदद करे जो उनके बच्चे को प्रभावित करते हैं
- परिवारों और समुदाय को बताए कि आपका संगठन बच्चों को शोषण और नुकसान से कैसे सुरक्षित रखता है
- सुनिश्चित करे कि परिवार और समुदाय इस जानकारी को आसानी से पा सकते हैं और समझ सकते हैं
- सुनिश्चित करें कि आपके संगठन की नीतियों और प्रथाओं में परिवारों और समुदायों की भी भागीदारी हो
- परिवारों, देखभालकर्ताओं और समुदाय को अपने संगठन और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताएं।

# बाल सुरक्षा मानक 5



**संगठन समझते हैं कि हर बच्चा अलग होता है। वे प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर ग़ौर करते हैं ताकि उन्हें उनके लिए आवश्यक देखभाल और समर्थन मिल सके।**

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- यह समझता है कि हर बच्चा अलग है तथा कुछ बच्चों को और अधिक सहायता की आवश्यकता हो सकती है
- उन बच्चों की मदद करे और उनकी जरूरतों पर विचार करें जो:
  - विकलांग हैं
  - विभिन्न संस्कृतियों से सम्बन्धित हैं
  - अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं
  - घर पर रहने में असमर्थ हैं
  - लेस्बियन (समलैंगिक महिला), गे (समलैंगिक पुरूष), बॉयसेक्सुअल (उभयलिंगी), ट्रांसजेंडर हैं, गैर-बाइनरी, लैंगिक विविध, या इंटरसेक्स हैं
- सुनिश्चित करे कि बच्चे आसानी से अपने लिए आवश्यक जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह ज़रूरी है कि यह सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और समझने में आसान हो
- सुनिश्चित करें कि बच्चों के लिए शिकायत करना और प्रक्रिया को समझना आसान है
- एबोरिजनल बच्चों की जरूरतों पर विचार करे और सुनिश्चित करे कि वे हमेशा सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं।

# बाल सुरक्षा मानक 6



## संगठन यह सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों के साथ काम करने वाले लोग उपयुक्त हैं। कर्मचारियों को सहायता दी जाती है और उन्हें यह जानकारी है कि बच्चों को शोषण और नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए क्या करना है।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- नए कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को काम पर रखते समय बाल सुरक्षा और भलाई पर ध्यान दे। उनके नौकरी शुरू करने से पहले यह विज्ञापन, रेफरी चेक और स्क्रीनिंग के रूप में हो सकता है
- सुनिश्चित करे कि कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के पास सही पृष्ठभूमि जांच (बैकग्राउंड चैक) है
- सुनिश्चित करना कि नए कर्मचारी यह जानते हैं कि बच्चों को दुर्व्यवहार और नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए उन्हें क्या करना होगा। इसमें शामिल है:
  - अच्छे रिकॉर्ड रखना
  - यह पता होना कि जानकारी को साझा कब करना है
  - यह पता होना कि रिपोर्ट कब और कैसे करनी है
- सुनिश्चित करना कि प्रबंधक (मैनेजर) कर्मचारियों को बाल सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं

# बाल सुरक्षा मानक 7



## शिकायतों और चिंताओं के लिए प्रक्रियाएं बाल केंद्रित हैं

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- इनके पास एक शिकायत नीति है। यह ज़रूरी है कि यह नीति:
  - खोजने और पढ़ने में आसान हो
  - बाल केन्द्रित हो
  - यह वर्णन करे कि:
    - प्रबंधकों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को क्या करना होगा
    - विभिन्न प्रकार की शिकायतों का प्रबंधन कैसे करना है
    - यदि नीतियों या आचार संहिता का पालन नहीं किया जाता है तो क्या करना है
    - आपके संगठन को पुलिस जैसे प्राधिकरणों को रिपोर्ट करने की आवश्यकता कब होती है
- सुनिश्चित करे कि बच्चे, परिवार, कर्मचारी और स्वयंसेवक सभी समझते हैं कि आपका संगठन शिकायतों का प्रबंधन कैसे करता है
- शिकायतों का प्रबंध सही ढंग से और सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित तरीके से करे
- सभी शिकायतों को गंभीरता से ले और शीघ्र जवाब दें
- इनके पास निम्नलिखित के बारे में नीतियां और प्रक्रियाएं हैं:
  - आपके संगठन को शिकायतें कैसे करनी हैं
  - रिपोर्ट किसे करनी है
  - रिपोर्ट कब करनी है
  - पुलिस और अन्य प्राधिकरणों को शिकायतों की रिपोर्ट कैसे करनी है और उनके साथ काम कैसे करना है
- रिपोर्टिंग, गोपनीयता और रोजगार के बारे में सभी कानूनों का अनुपालन करे।

# बाल सुरक्षा मानक 8



## संगठन बच्चों को शोषण और नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारियों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- संगठन की बाल सुरक्षा और कल्याण नीति का अनुपालन करे
- बाल शोषण और नुकसान के संकेतों को जाने। इसमें अन्य बच्चों द्वारा किया जाने वाला शोषण और नुकसान शामिल हैं
- बाल सुरक्षा और भलाई के मुद्दों पर प्रतिक्रिया करे
- उस स्थिति में अन्य कर्मचारियों की मदद करे जब वे बाल सुरक्षा के मुद्दे से निपट रहे हों
- यह समझे कि बच्चों को सांस्कृतिक रूप से और अधिक सुरक्षित कैसे महसूस कराना है।

# बाल सुरक्षा मानक 9



## संगठन सुनिश्चित करते हैं कि बच्चे उस स्थिति में सुरक्षित हैं जब वे आपकी सेवाओं, सेटिंग्स (परिवेशों) और गतिविधियों का उपयोग करते हैं। इसमें वह स्थिति भी शामिल है जब बच्चे ऑनलाइन होते हैं।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- सुनिश्चित करे कि कर्मचारी और स्वयंसेवक जोखिमों का पता लगा सकते हैं और उनकी रोकथाम कर सकते हैं। ऐसा करते समय उन्हें तब भी बच्चे के निम्नलिखित से सम्बन्धित अधिकार की रक्षा करनी होगी:
  - गोपनीयता
  - सूचना
  - दोस्त होने और अकेले महसूस न होने का अधिकार
  - सीखना
- सुनिश्चित करे कि कर्मचारी और स्वयंसेवक ऑनलाइन सुरक्षा को समझते हैं। जब वे ऑनलाइन हों, तो उन्हें आपकी संगठन की निम्न कार्यनीतियों का अनुपालन करना होगा।
  - आचार संहिता
  - बाल सुरक्षा और भलाई नीति
- **जोखिम प्रबंधन योजनाएं लिखें**। ये इस बात से सम्बन्धित योजनाएँ हैं कि आप संभावित तौर पर अपनी सेटिंग्स (परिवेशों), गतिविधियों और पर्यावरण से आने वाले जोखिमों से कैसे निपटेंगे
- उस स्थिति में बच्चों की सुरक्षा का संरक्षण करे जब आपका संगठन अन्य संगठनों की सुविधाओं या सेवाओं का उपयोग करता है।

# बाल सुरक्षा मानक 10



## संगठन उन तरीकों की जाँच करते हैं और उनमें सुधार करते हैं जिनका प्रयोग करके वे बच्चों को शोषण और नुकसान से सुरक्षित रखते हैं।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए आप जो करते हैं उसकी जाँच और सुधार करता रहे
- शिकायतों, चिंताओं और सुरक्षा घटनाओं का अवलोकन करके यह पता लगाए कि ये कैसे घटित हुई। इससे आपको अपने काम को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी
- कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, समुदाय, परिवारों और बच्चों को बताए कि आपने क्या पता लगाया है।

# बाल सुरक्षा मानक 11




## संगठनों के पास इस बारे में लिखित दस्तावेज हैं कि वे बच्चों को दुर्व्यवहार और नुकसान से कैसे सुरक्षित रखते हैं।

यह ज़रूरी है कि आपका संगठन:

- इनके पास ऐसी लिखित नीतियां और प्रक्रियाएं हैं जो:
  - सभी बाल सुरक्षित मानकों को शामिल करती हैं
  - खोजने और समझने में आसान हैं
- अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करने के लिए हितधारकों **के साथ** काम करे। ये वे लोग होते हैं जिनकी आपके संगठन में रुचि होती है। यह निम्नलिखित हो सकते हैं:
  - कर्मचारी और स्वयंसेवक
  - बच्चे और परिवार के सदस्य
  - अन्य संगठन जिनके साथ आप काम करते हैं
  - सामुदायिक समूह या सदस्य
- अन्य संगठनों की अच्छी नीतियों और प्रक्रियाओं को देखे
- सुनिश्चित करे कि आपके मार्गदर्शक नीतियों और प्रक्रियाओं का समर्थन करते हैं
- सुनिश्चित करे कि कर्मचारी और स्वयंसेवक नीतियों और प्रक्रियाओं को समझते हैं और उनका अनुपालन करते हैं।

# सहायता कहाँ से प्राप्त करें

बाल सुरक्षा मानक नियामक मानकों को पूरा करने में आपकी मदद करने के लिए आपको जानकारी दे सकते हैं।
आप यहाँ बाल सुरक्षा मानक नियामकों के बारे में पता लगा सकते हैं।

आप निम्नलिखित तरीकों से आयोग से संपर्क कर सकते हैं:

टेलीफोन: 1300 782 978

ईमेल: contact@ccyp.vic.gov.au

वेबसाइट: www.ccyp.vic.gov.au

Interpreter

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया अनुवाद और दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) को 13 14 50 पर कॉल करें। उन्हें बच्चों और युवाओं के लिए आयोग (Commission for Children and Young People) को 1300 782 978 पर कॉल करने के लिए कहें।

आयोग पूरे विक्टोरिया में भूमि के पारंपरिक मालिकों को सम्मानपूर्वक स्वीकार करता है और उनका अभिनंदन करता है और उनकी पिछली, वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के बुजुर्गों, बच्चों और युवाओं को अपना सम्मान देता है।

© बच्चों और युवाओं के लिए आयोग 2023

*कॉपीराइट अधिनियम 1968* के तहत अनुमत किसी भी उपयोग के अलावा, किसी भी भाग को किसी भी प्रक्रिया द्वारा बाल और युवा लोगों के लिए आयोग, Level 18, 570 Bourke Street, Melbourne 3000 से पूर्व लिखित अनुमति के बिना पुन: प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

आयोग मई 2022 में इस संसाधन (www.enliven.org.au/healthliteracy@enliven.org.au)
के सरल भाषा संस्करण के विकास में enliven की Health Literary सेवाओं के योगदान को स्वीकार करता है।
इमेज़िस (तस्वीरें) को enliven Victoria द्वारा विकसित और रूपांतरित किया गया था, जिसमें Tobii Dynavox द्वारा The Picture Communication Symbols ©1981-2022 का उपयोग शामिल था। दुनिया भर में सर्वाधिकार सुरक्षित। अनुमति के साथ प्रयोग किया गया। Boardmaker®, Tobii Dynavox का ट्रेडमार्क है। यह ज़रूरी है कि यह दस्तावेज़ तृतीय पक्षों को नहीं बेचा जाए। यह ज़रूरी है कि अनुमति के बिना इमेज़िस (तस्वीरें) का पुन: उपयोग नहीं किया जाए।

COMMISSION FOR CHILDREN
AND YOUNG PEOPLE